प्रीलिम्स फैक्ट्स: 21 फरवरी, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-21-02-2019

ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड

हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु एक ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड (Operation Digital Blackboard-ODB) की शुरुआत की है।

- ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड एक क्रांतिकारी कदम है जो पठन-पाठन की प्रक्रिया को इंटरैक्टिव बनाने के साथ ही और शैक्षणिक दृष्टिकोण से सीखने की प्रक्रिया को लोकप्रिय बना देगा।
- गौरतलब है कि ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड का उल्लेख सबसे पहले 2018-19 के बजट में किया गया था।
- ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड पर कार्ययोजना तैयार करने के लिये प्रोफेसर झुनझुनवाला के नेतृत्व में समिति गठित की गई थी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर इस पहल को आगे बढ़ाया गया है।
- सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में डिजिटल/स्मार्ट बोर्ड लगाए जाएंगे, जिसमें माध्यमिक और सीनियर सेकेंडरी कक्षाएँ शामिल होंगी।
- राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों के सहयोग से लगभग 1.5 लाख माध्यमिक/सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को इस योजना के तहत शामिल किया जाएगा।

VIVID 2019

- 21-22 फरवरी, 2019 को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा ज़िला सूचना विज्ञान अधिकारियों (District Informatics Officers- DIO) की बैठक आयोजित की जा रही है, जिसका शुभारंभ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, विधि और न्याय मंत्री ने किया।
- इस कार्यक्रम की थीम – 'विज़न इनसाइट एंड वॉयसेज़ एज़ इंडिया गोज़ डिजिटल' (Vision Insight and Voices as India goes Digital- VIVID) है।
- इस बैठक का आयोजन ज़िला सूचना विज्ञान अधिकारियों (District Informatics Officer) के साथ संवाद करने और उनके अनुभवों एवं योगदान को साझा करने की पहल के रूप में किया जा रहा है।
- 'विविध' का शुभारंभ वर्ष 2017 में एक वार्षिक आयोजन के रूप में हुआ था, जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के अधिकारियों का सशक्तीकरण करना है।
- इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, विधि और न्याय मंत्री **Digidhan Mitra Chatbot, Technology Incubation and Development of Entrepreneurs 2.0 scheme** (TIDE 2.0) को लॉन्च करने के साथ-साथ 'TechGov' एवं 'स्वच्छता पुरस्कार' भी प्रदान करेंगे।

अट्टुकल पोंगल त्योहार

- केरल में महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला 'अट्टुकल पोंगल त्योहार' शुरू हो चुका है।
- यह त्योहार तिरुअनंतपुरम से 3 किमी. दूर स्थित अट्टुकल भगवती मंदिर में मनाया जाता है।
- पोंगल वह अनुष्ठान है, जिसमें महिलाएँ मीठे पायसम (चावल, गुड़, नारियल इत्यादि से बना हलवा या खीर) तैयार करती हैं और इसे भगवती अट्टुकल को अर्पित करती हैं।
- यह रस्म केवल महिलाओं द्वारा निभाई जाती है एवं दुनिया में यह एकमात्र ऐसा त्योहार है, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में महिलाएँ जुटती हैं।